तीन अंकों वाले और चार अंकों वाले नम्बरों का आबंटन

64. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तीन अंकों वाले और चार अंकों वाले नम्बरों के आबंटन के लिए क्या मापदण्ड अपनाया जाता है;

(ख) बम्बई और दिल्ली में स्थित उन संस्थाओं के नाम क्या-क्या हैं जिन्होंने ऐसे नम्बरों को दिये जाने का अनुरोध किया है; और

(ग) उन्हें इस प्रकार के नम्बर कब तक आबंटित कर दिये जाएंगे?

संचार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू): (क) समस्त देश में आमतौर पर उपयोग में आने वाली सार्वजनिक उपयोगी सेवाओं अर्थात् रेलवे, एयरलाइन, रक्त बैंक, अग्निशमन सेवा, जल आपूर्ति सेवा, चिकित्सा सेवा आदि को 3/4 अंकों की संख्याएं आबंटित की जाती है।

(ख) रेलवे, एयरलाइन, डायल-ए-डाक्टर, केन्द्रीकृत दुर्घटना ट्रीम्स सेवा, नेत्र बैंक, रक्त बैंक, और केन्द्रीकृत विद्युत शिकायत तथा केन्द्रीकृत जल आपूर्ति शिकायत से संबंधित सूचना सेवाओं को 3/4 अंकों की संख्याएं आबंटित करने के लिए, हमारे पास विभिन्न संगठनों से अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

(ग) संलग्न विवरण के अनुसार इन सभी सेवाओं को 3/4 अंकों की संख्याएं आबंटित कर दी गई हैं।

विवरण

दिल्ली और बंबई में विभिन्न संगठनों को आबंटित 3/4 अंको के कोड

1. रेलवे		दिल्ली और बंबई के लिए (पश्चिम रेलवे बंबई को छोड़कर)	बंबई मे केवल पश्चिम रेलवे के लिए
1.1	सामान्य पूछताछ	131	132
1.2	उत्तर दिशा/क्षेत्र से गाड़ियों के आने की सूचना	1331	1341
1.3	पूर्व दिशा/क्षेत्र से	1332	1342
1.4	पश्चिम दिशा/क्षेत्र से	1333	1343
1.5	दक्षिण दिशा/क्षेत्र से	1334	1344
2. नागर विमानन विभाग			
2.1	इंडियन एयरलाईन		बंबई/दिल्ली
2.1.1.	सामान्य पूछताछ		140
2.1.2.	आरक्षण संबंधी पूछताछ		141
2.1.3	विमान आगमन		142
2.1.4	विमान प्रस्थान		143
2.2 एयर इंडिया			
2.2.1	आगमन		144
2.2.2	प्रस्थान		145
2.2.3	अंतर्राष्ट्रीय आरक्षण		146
2.2.4	स्वदेशी आरक्षण		147
2.2.5	पुनःपुष्टि/निरस्तीकरण		148
2.2.6	यात्रा एजेंट		149
*3.	चिकित्सा सेवा		
*3.1	केन्द्रीकृत दुर्घटना और ट्रीमा सेवा (फिलहाल दिल्ली में लागू)		1099
*3.2	रक्त बैंक संबंधी सूचना सेवा		1910
*3.3	डायल-ए-डाक्टर		1911
*3.4	नेत्र बैंक संबंधी सूचना सेवा		1919
4.	एल०पी०जी० आपातकालीन सेवा		1915
5.	डेसू से संबंधित शिकायत	1912 दिल्ली के लिए	
6.	जल आपूर्ति सेवा संबंधी शिकायत	1916 दिल्ली के लिए	

* ये सेवाएं अभी शुरू की जानी है।